ॐ श्री भीडभञ्जन महादेव पञ्चाङ्गम् ॐ

विक्रम सम्वत् 2083 * ईस्वी सन् 2026–2027

'रौद्र' नाम सम्वत्सर

राजा – गुरु **मन्त्री – मंगल**

तपोनिष्ठ परमादरणीय 108 श्रीमत्स्वामी
विश्वात्मानन्द गिरि जी महाराज
संस्थापक व अध्यक्ष - तत्त्वमसि आश्रम

❊ ॥ ॐ श्री गणेशाय नमः॥ ❊

❊ ॥ ॐ श्री भीडभञ्जन महादेवाय नमः॥ ❊

❊ ॥ ॐ श्री सदुरुदेवाय नमः॥ ❊

ॐ श्री भीडभञ्जन महादेव पञ्चाङ्गम्

'रौद्र' नाम सम्वत्सर

राजा – गुरु **मन्त्री – मंगल**

विक्रम सम्वत् 2083, शाङ्कराब्द 1239

कलिवर्ष 5127, शक सम्वत् 1948

ईस्वी सन् 2026–2027

'रौद्र' नामक इस सम्वत्सर के दशाधिकारी

राजा–गुरु, मन्त्री–मंगल, सस्येश–गुरु, धान्येश–बुध,

मेघेश–चन्द्र, रसेश–शनि, नीरसेश–गुरु,

फलेश–चन्द्र, धनेश–गुरु, दुर्गेश–चन्द्र

तत्त्वमसि आश्रम

पीपलवाली गली, रानी गली,

भूपतवाला, हरिद्वार–249410

उत्तराखण्ड, भारत

www.tattvamasi-ashram.org

सम्पादक – स्वामी परमानन्द गिरि

संकलनकर्ता – आचार्य रवीन्द्र किशोर शास्त्री

© सर्वाधिकार सुरक्षित

पूज्य महाराज श्री के आशीर्वचन

अक्षय अन्नक्षेत्र सेवा

हमारे शास्त्रों में "अन्नदानं परं दानं..." अर्थात् अन्नदान को अन्य दानों की अपेक्षा महान कहा गया है, तथा वेदों में अन्यत्र भी कहा हैं -

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेता: सत्यं ब्रवीमि वध इत्स तस्य।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी।

जो बुद्धिहीन व्यक्ति केवल स्वयं के लिए ही खाता है और किसी को अन्न नहीं देता, उसका अन्न व्यर्थ होता है; वह न पत्नी, न मित्र, किसी का हित कर पाता है, केवल अपने पाप को बढ़ाता है।

भगवान् भीड़भञ्जन महादेव की प्रेरणा से आश्रम के भक्तों द्वारा पिछले दो वर्षों से अक्षय अन्नक्षेत्र सेवा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन प्रातःकाल लगभग 150 साधुओं के लिए सादगीपूर्ण, सात्त्विक और पौष्टिक अन्न परोसा जाता है। भोजन के साथ यह भावना की जाती है कि प्रत्येक साधु हमारे लिए चलती-फिरती देवमूर्ति हैं, जिनकी सेवा करना ही हमारा परम सौभाग्य और कर्तव्य है।

अन्नदान के साथ-साथ आश्रम द्वारा प्रत्येक साधु को विनम्रता से यथाशक्ति दक्षिणा भी प्रदान की जाती है। यह दक्षिणा केवल धनराशि न होकर, गुरु-परंपरा के प्रति कृतज्ञता और संत समाज के प्रति सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। श्रद्धालु भक्तगण भी अपनी मनोकामनाओं और संकल्पों के साथ अन्न तथा दक्षिणा में सहयोग करते हैं, जिससे आश्रम में सेवा, त्याग और करुणा का सतत वातावरण बना रहता है।

इच्छित भक्तगण इस सेवा में सहयोग हेतु आश्रम में सम्पर्क कर सकते हैं।

॥ इत्यों शम् ॥

विषय सूची

पूज्य महाराज श्री के आशीर्वचन 2
निर्देश 5
सम्वत् एवं दशाधिकारी फल 6-10
द्वादश राशि फल 11-14
प्रमुख व्रत-त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ 15-19
संदिग्ध प्रमुख व्रत-पर्वों का शास्त्रीय निर्णय 20-22
ज्येष्ठ अधिक मास 23
हरिद्वार अर्धकुम्भ मेला 24
श्री अम्बे जी की आरती 25-26
महिषासुरमर्दिनी-स्तोत्रम् 27-29
श्री शिव जी की आरती 30
श्री शिवमहिम्नः स्तोत्रम् 31-36
रुद्राष्टकम् 37
बिल्वाष्टकम् 38
लिङ्गाष्टकम् 39
श्री शिवपञ्चाक्षरस्तोत्रम् एवं द्वादशज्योतिर्लिङ्गस्मरणम् 40
शिवताण्डवस्तोत्रम् 41
श्री गङ्गाष्टकम् 42
वर्गीकृत तिथि सूचना (दिनाङ्क अनुसार) 43
तिथि वारादि पञ्चाङ्ग 44-95
ग्रह राशिगोचर 96
शुभ व्यापार आरम्भ मुहूर्त्त 97-98
यज्ञोपवीत (उपनयन) मुहूर्त्त 98
चूडाकर्म मुहूर्त्त 99
शुभ विवाह मुहूर्त्त 100-107
गृहारम्भ मुहूर्त्त 108
नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त्त 109
राहु काल / यम काल / सर्वार्थ सिद्धि योग / अमृत सिद्धि योग 110
सर्वार्थ सिद्धि योग का प्रारम्भ व समाप्ति काल 111-113
गुप्त नवरात्रि / कलंक चौथ चन्द्रदर्शन दोषनिवारक मन्त्र 113
अमृत सिद्धि योग का प्रारम्भ व समाप्ति काल 114
गण्डमूल के नक्षत्र / गण्डमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ व समाप्ति काल 115-116
शनि की साढ़ेसाती, ढ़ैय्या एवं सुवर्णादि पाया फल विचार 116-117
कुम्भ एवं मकर राशि में शनि का गोचर फल 117-118

विषय सूची

पाद (पाया) फल विचार एवं शनि शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय 119
नामाक्षरानुसार नक्षत्र राशिज्ञान चक्र 120
यात्रा विचार प्रकरण / राहु वास चक्र 121
दिक्शूल परिहार / यात्रा में चन्द्रमा विचार 122
सूर्योदय से चौघड़िया दिन के प्रति अंश में यात्रा का फल 122
सूर्यास्त से चौघड़िया रात्रि के प्रति अंश में यात्रा का फल 123
भद्रा लोक वास / भद्रा का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल 124-126
यज्ञोपवीत धारण करने एवं त्यागने का मन्त्र 126
पञ्चक नक्षत्र विचार / पञ्चकारम्भ एवं समाप्तिकाल 127
दीपावली (श्री महालक्ष्मी पूजन) 128-129
अथ संक्षिप्त-सन्ध्योपासना-विधिः 130-133
देवपूजा सम्बन्ध में कुछ शास्त्रोक्त बातें 134-137
विविध द्रव्यों द्वारा शिवपूजन से अभीष्ट प्राप्ति 138-139
नव ग्रहों के जपार्थ वैदिक मन्त्र 139
51 शक्तिपीठ 140-144
18 पुराण (एक परिचय) / 84 लाख योनियाँ 145
भारत के चार धाम / उत्तराखण्ड के चार धाम 145
14 लोक / सप्तर्षि / दशावतार 146
षोडश संस्कार (एक संक्षिप्त परिचय) 147
आध्यात्मिक जीवन में गुरु का महत्त्व 148
गुरु से मन्त्र ग्रहण तथा जप विधि (संक्षिप्त) 148
होमादि में अग्निवास 149
होमादि में शिववास 150
चतुर्युगों की व्यवस्था का वर्णन 151
आपको किस दिन क्या करना शुभ है 152
अन्य विविध मुहूर्त 153-154
ग्रह राशि सम्बन्धी रत्न विचार 155
ग्रह कृत अनिष्ट फल निवारण हेतु सूर्यादि ग्रहों के दानादि पदार्थ 156
ग्रह दोष निवारण हेतु बीज मंत्र 157
नवग्रहपीडाहरस्तोत्रम् / नवग्रहस्तोत्रम् 158
वास्तु प्रकरण 159-162
प्राकृतिक उपचार 163-167
मेथी के गुणकारी लाभ 167

निर्देश

- यह पञ्चाङ्ग 30:44 अक्षांश के आधार पर है। तिथि, नक्षत्र की समाप्ति का काल घण्टा, मिनट के अनुसार है।
- दोपहर 12 बजे के बाद 1 बजे का मान पाठकों की सुविधा के लिये 13 दिया गया है। उसी प्रकार दोपहर 2 बजे के लिये 14।
- जहाँ पर 24, 25, 26 आदि अंक लिखे हैं, वहाँ 24 रात्रि 12 बजे, 25 को रात्रि के 1 बजे, 26 को रात्रि के 2 बजे जानें। इसी प्रकार आगे के अंको में भी 24 घटाकर अर्धरात्रि के बाद का समय जानें। जब तक आगामी दिवसीय सूर्योदय न हो, तब तक **भारतीय ज्योतिष परम्परानुसार पिछली तारीख का दिन ही माना जाता है।**
- तिथि एवं नक्षत्र का समय समाप्ति-काल में दिया गया है।
- करण तथा योग प्रातःकालीन सूर्योदय के ही लिखे गये हैं।
- पूर्णिमा के लिये 15 और अमावस्या के लिये 30 लिखा गया है, गते को सौरमास की प्रतिष्ठा जानें।
- भद्रा तथा सर्वार्थ सिद्धियोग पर्वनाम में दिये गये हैं। कहीं-कहीं उनका मान 24 घण्टा 30 मिनट लिखा हो तो उसका अर्थ हैं रात्रि के 12 बजकर 30 मिनट।
- मुहूर्त्त जिस दिन के शुभ हैं उसी दिन के दिये गये हैं।
- **हवन करते समय अग्निवास का बड़ा महत्त्व है तथा जिस दिन अग्निवास पृथ्वी पर हो उसी दिन हवन किया जाता है अतः जिस दिन अग्निवास पृथ्वी पर है उस दिन के पर्वनाम में का चिह्न दिया गया है।**

❊ सम्वत् एवं दशाधिकारी फल वि.सं. 2083 ❊
॥ सम्वत्सर – रौद्र, राजा – गुरु, मन्त्री – मंगल ॥

नव विक्रमी संवत् 2083 के आरम्भ (19 मार्च, 2026 ई.) में बार्हस्पत्यमान (गुरुमान) से शिव (रुद्र) विंशति के अन्तर्गत '**एकादश युग**' का चतुर्थ '**रौद्र**' नामक (सम्वत्सरों में 54वाँ) सम्वत्सर का प्रारम्भ हो चुका होगा। (रौद्र-संवत्सर का आरम्भ लगभग 11 मार्च, 2026 ई.से हो चुका होगा)

संवत् 2083 मध्ये मेषऽर्के समय संवत्सर के भुक्त मासादि $1/03^{0}/35'/25''$, भोग्य मास दिनादि $10/26^{0}/24'/35''$ हैं। अर्थात् '**रौद्र**' नामक सम्वत्सर का काल लगभग 6 मार्च, 2027 ई. तक रहेगा।

ध्यान दें, इस वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का क्षय होने से '**रौद्र**' नामक' नव विक्रमी संवत् का प्रवेश 19 मार्च, 2026 ई., वृहस्पतिवार(6 चैत्र प्रविष्टे), उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल-योग कालीन मीन लग्न में होगा। शास्त्र एवं प्रचलित परम्परानुसार नवसंवत् का प्रारम्भ तथा राजा का निर्णय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के वार-अनुसार ही किया जाता है। '**गुरुवार**' से नवसंवत् का प्रारम्भ होने के कारण आगामी वर्ष (संवत्) का राजा '**गुरु**' होगा। संवत्सर का निर्णय भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (संवत् के आरम्भ) में विद्यमान् सम्वत्सर को ही लिया जाता है। तदनुसार '**रौद्र**' नामक नव वि. संवत् 2083 (जोकि 11 मार्च, 2026 ई. से प्रारम्भ हो चुका है) तथा चैत्र (वासन्त) नवरात्रों का प्रारम्भ 19 मार्च, गुरुवार, 2026 ई. (6 चैत्र, प्रवि.) उत्तराभाद्रपद नक्षत्रकालीन होगा।

चैत्र (वासन्त) नवरात्र अर्थात् 19 मार्च, गुरुवार से जप, पाठ, पूजन, दान, व्रतानुष्ठान यज्ञादि धार्मिक अनुष्ठान कृत्यों के आदि में, संकल्पादि कार्यों में 6 मार्च, 2027 ई. तक '**रौद्र**' नामक नव संवत्सर का प्रयोग होगा। ता. 7 मार्च, 2027 ई. के बाद सभी प्रकार के संकल्प कार्यों में संवतारम्भे '**रौद्र**' परं वर्तमाने '**दुर्मति**' नाम सम्वत्सरे का प्रयोग (उच्चारण) करना चाहिए। '**रौद्र**' नामक सम्वत्सर का फल शास्त्रों में इस प्रकार वर्णित है-

मध्यसस्या भवेद्धात्री सामान्येन प्रवर्तनम्। दुर्मतीनां महत्वं स्याद् दुर्मतौ वर्णसंक्रमः॥

अर्थात् '**रौद्र**' नामक सम्वत्सर में वर्षा कम होती है। फलतः कम एवं प्रतिकूल वर्षा होने से कृषि उत्पादन में कमी रहती है तथा धान्यादि फसलों के मूल्यों में विशेष वृद्धि होगी। जिसके प्रभावस्वरूप महँगाई में विशेष वृद्धि होगी। राजा अर्थात् राष्ट्राध्यक्ष एवं मन्त्री निर्दयी होकर जनविरोधी निर्णय एवं बातें करेंगे। पृथ्वी पर क्लिष्ट रोग अधिक होंगे। कहीं छत्रभंग अर्थात् शासन-परिवर्तन हो। विभिन्न देशों के राष्ट्रध्यक्षों में वाद-विवाद एवं विरोध

भावना रहे। जंगलों या खलियानों में आग लगने से भयंकर हानि हो।

❊ रोहिणी का वास- वि. संवत् 2083 में मेष संक्रान्ति का प्रवेश **'शतभिषा नक्षत्र'** नक्षत्रकालीन हुआ है। अतएव **'वर्षप्रबोध'** ग्रन्थानुसार रोहिणी का वास **'समुद्र'** में होगा। शास्त्र में इसका फल इस प्रकार लिखा गया है-

यदा पयोनिधि स्थले गतो विरंचिभं तदा। अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्य वर्द्धनम्॥

अर्थात् जिस वर्ष रोहिणी का वास **'समुद्र'** पर हो तो उस वर्ष वर्षा अधिक होती है। गेहूँ, धान्यादि सभी की पैदावार भी अच्छी होगी। परन्तु मध्य भारत (जैसे-विहार, मध्य प्रदेश,उड़ीसा, उ.प्रदेश आदि) के कुछ स्थलों पर बाढ़ आदि प्रकोपों के कारण जन, धन, कृषि आदि फसलों की हानि होने के संकेत हैं। परन्तु देश के अन्य भागों में धान्य, मक्का, चावल, तृण, फल-फूलों आदि की पैदावार अच्छी होगी।

❊ संवत् (समय) का वास- रोहिणी का वास **'समुद्र'** पर होने से संवत् का वास 'माली' के घर में होगा। फलस्वरूप वर्षा विपुल मात्रा में होगी। ईख, धान्य, चावल, तृण, घास, फल व फूलों की पैदावार अच्छी होगी। पर्वतीय प्रदेशों में कृषि व फूलों का उत्पादन अच्छा होगा। परन्तु इन सबके बावजूद सब प्रकार के कृषि उत्पाद, घी, तैल, दैनिक उपभोग्य वस्तुएँ, दालें, दूध, तथा सोना, ताँबा, चाँदी आदि धातुएँ तेज भाव में होंगी।

मालिने प्रचुरा वृष्टिः। सर्ववस्तु समर्घं स्यान्मालाकारगृहे॥

❊ संवत् (संवत्सर) का वाहन- वि. संवत् 2083 का राजा **'गुरु'** होने से सम्वत् का वाहन **'चातक'** के घर होगा। इसके प्रभावस्वरूप देश के कुछ भागों में वर्षा की कमी रहेगी। कहीं अनावृष्टि के कारण दुर्भिक्ष, सूखा, पेयजल की कमी रहेगी। विशेषकर देश के पूर्वी, पश्चिमी एवं दक्षिणी क्षेत्र के कुछ भागों में उपर्युक्त वर्षा की कमी एवं जलापूर्ति की कमी होने से कृषक वर्ग व सामान्य लोग परेशान व व्याकुल होंगे। सर्वप्रकार के खाद्यान्न, तिल, तेल, ईख, फल-फूल, सब्जियों के मूल्यों में अत्यधिक तेजी होने से सामान्य लोग व्याकुल होंगे।

(1) राजा गुरु का फल -

गुरौ नृपे वर्षति कामदं जलं महीतले कामदुघाश्च धेनवः।
यजन्ति विप्रा बहवोऽग्निहोत्रिणो महोत्सवः सर्वजनेषु वर्तते॥

अर्थात् संवत् का राजा **'गुरु'** (बृहस्पति) हो, तो उस वर्ष कृषि/फसलों के लिए पर्याप्त वर्षा होगी। गाय-भैंस आदि चौपाय समुचित मात्रा में दूध देंगे। ब्राह्मण एवं धर्मपरायण लोग यज्ञ, होमादि शुभ कार्यों में संलग्न होंगे। संभ्रान्त एवं उच्चवर्ग के लोग

उत्सवों में व्यस्त रहेंगे। व्यापार के लिए भी अनुकूल वातावरण रहे। नए उपभोक्ता पदार्थों के बाजारों की खोज, नए-नए वाहनों का उत्पादन होगा। वाहन व ऋण-बाजार में बड़ी प्रतिस्पर्द्धा भी रहेगी। अच्छी वर्षा व आर्थिक उन्नति होने से लोगों की क्रयशक्ति भी बढ़ेगी। शासन तन्त्र ठीक चलता है। विरोधी राष्ट्रों के मध्य भी शान्ति वार्ताएँ समायोजित होंगी। अनाज व कृषि का उत्पादन तथा मौसमी फलों की पैदावार अच्छी होगी।

(2) मन्त्री मंगल का फल -

अवनिजो ननु मन्त्रिकतां गतो भवति दस्युगदादिज वेदना।
जनपदेषु जयः सुख संचयो न बहुगोषु पयो द्विज कर्म च॥

अर्थात् संवत् का मन्त्री '**मंगल**' हो, तो उस वर्ष देश में जनता चोरों, लुटेरों, तस्करों आदि के आतंक एवं विविध रोगों के कारण परेशान एवं पीड़ित रहे। अग्निकाण्ड, दुर्घटनाएं एवं हिंसक घटनाएं अधिक हों। सामान्यतः वातावरण अशान्त रहे। अधिकांश लोग सुख-सम्पन्नता की आकांक्षा से महानगरों की ओर जाने में अग्रसर होंगे। देश के कुछ विशेष (सीमित) भागों (क्षेत्रों) में ही जनता सुखी रहे। गाय, भैंस आदि के दूध में कमी होगी। ब्राह्मण लोग यज्ञ, कर्मकाण्ड आदि धार्मिक कृत्यों में कम प्रवृत्त हों। सोना, तांबा, पीतल, जूट-पटसन, लाख, लाल-मिर्च आदि लाल वर्ण की वस्तुएँ तेज भाव होंगी।

(3) सस्येश गुरु का फल -

कणपतौ सुरराज पुरोहिते सकल सौख्यकरः श्रुतिपूर्वकः।
जलधरा जलदा बहुसस्यदा रसपयांसि बहुनि वसूनि वै॥

अर्थात् गुरु (बृहस्पति) सस्येश हो, तो वेदों द्वारा निर्धारित धर्म-मार्ग का अनुसरण करने से ही लोगों को सुख-शान्ति एवं कल्याण की प्राप्ति हो। वर्षा पर्याप्त होगी। गेहूँ, धान्य, ईख, गोरस, दूध, घी एवं फलों आदि की पैदावार अधिक होगी। सर्वप्रकार की कृषि आदि का उत्पादन भी अच्छा होगा। खेतीकर एवं कृषि सम्बन्धी वस्तुओं का व्यवसाय करने वाले व्यापारी अच्छा मुनाफा प्राप्त कर सकेंगे। धनसमृद्धि से जन-जीवन आनन्दित रहे।

(4) धान्येश बुध का फल -

बहुसस्य-युता पृथ्वी रसानां च महर्घता।
नीतियुक्ताः सदा भूपाः बुधे धान्याधिपि सति॥

अर्थात् जिस वर्ष धान्यपति '**बुध**' हो, उस वर्ष अच्छी वर्षा होने से धान्यादि का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में हो, परन्तु सभी प्रकार के रसादि पदार्थों (दूध, गुड़, तेल, ऑयल, आदि) के मूल्यों में विशेष तेजी होगी। शासन-तन्त्र जनानुकूल नीतियां बनायेगी तथा उनका समुचित क्रियान्वयन का प्रयास भी करेगी। वर्ष-प्रबोध अनुसार-'**सैन्धवे**

लाटदेशे च माधवोऽल्पं च वर्षति।' इस वर्ष सिन्ध तथा लाट-प्रदेश (पंजाव, हरियाणा आदि) में अपेक्षाकृत वर्षा की कमी एवं फलस्वरूप कृषि का उत्पादन कम होगा।

(5) मेघेश (वर्षा का स्वामी) चन्द्र का फल -

शशिनि तोयदपे यदि गोमहिष्यज्-खरादिषु दुग्धरसं तदा।
फलवती धन-धान्यवती विविध भोगवती ननु भामिनी॥

अर्थात् -मेघेश (वर्षा का स्वामी) यदि **'चन्द्रमा'** हो, तो गाय, भैस, बकरी, गधी आदि चौपाय अधिक मात्रा में दूध देंगे। उस वर्ष पृथ्वी पर गेहूँ, धान्य, चावल आदि की फसलें अच्छी होंगी। वृक्षों पर फल, फूल आदि अधिक होंगे। पृथ्वी पर विविध प्रकार के उपभोग्य, सुख-साधन एवं ऐश्वर्य के स्रोतों में वृद्धि होगी। स्त्रियों को भी सुख, मान-सम्मान तथा ऐश्वर्य के विभिन्न साधनों की प्राप्ति होगी।

(6) रसेश शनि का फल -

रविसुते रसपे रससंक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः।
अजगवां गजवाजि खरोष्ट्रहा जनपदेषु नरा न रसैर्युताः॥

अर्थात् रसों का स्वामी **'शनि'** होने से वर्ष में अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। भूगर्भ गत जलस्तर भी नीचे की ओर जाएगा। गाय, भैंस, बकरी, हाथी, घोड़े, ऊँट आदि चौपायों की संख्या में कमी हो, इसके फलस्वरूप रसदार वस्तुओं जेसे-ईख, गुड़, चीनी, दूध, घी, मक्खन आदि वस्तुओं की पैदावार में कमी किंवा इन वस्तुओं के मूल्यों में विशेष तेजी होगी। बेमौसमी एवं प्रतिकूल वर्षा के कारण अनेक क्लिष्ट रोगों से लोग परेशान रहें। गाय, भैंस, घोड़े, हाथी, बकरी आदि चतुष्पदों में रोगादि के कारण प्राणभय हो। अधिकांश लोगों में परस्पर प्रेमभाव की कमी रहे। सामान्यतः लोगों के व्यवहार में बनावटीपन अधिक रहे।

(7) नीरसेश (धातुओं के स्वामी) गुरु का फल -

हरिद्रा पीतवस्तूनि पतिवस्त्रादिकं च यत्।
नीरसेशो यदा जीवः सर्वेषां प्रीतिरुत्तमा॥

नीरसेश अर्थात् ठोस धातु पदार्थों का स्वामी गुरु (बृहस्पति) होने से हल्दी, पीले वस्त्र, पीतल, सोना (स्वर्ण) आदि पीले वर्ण की वस्तुओं एवं धातुओं के प्रति लोगों की विशेष रुचि एवं आकर्षण रहने से इन वस्तुओं की माँग विशेष अधिक बढ़ जायेगी। फलस्वरूप इनके मूल्यों में भी अत्यधिक वृद्धि होगी। लोगों की अभिरूचि धार्मिक विषयों की ओर एवं पारस्परिक प्रीति तथा सहयोग बढ़ेगा।

(8) फलेश चन्द्र का फल –

यदि विधुः फलपो द्रुमराशयः फलयुता व्रततीकुसुमैर्युताः।
द्विजमुखा वरभोगसमन्विता नृपतयो नयपालन तत्पराः॥

फलों का स्वामी चन्द्रमा हो, तो उस वर्ष राजनेता प्रजा को न्याय एवं सुशासन प्रदान कराने में प्रवृत्त होंगे। विद्वान्-ब्राह्मण भी विविध प्रकार के धन-धान्य एवं भोग्य पदार्थों से समन्वित होंगे। वृक्षों एवं लताओं पर विभिन्न प्रकार के मौसमी फल, फूलों एवं अन्य वनस्पतियों की पैदावार अच्छी होगी। राजनेता देश-विदेश में भ्रमण करने के लिए उत्सुक रहेंगे अर्थात् भ्रमणशील रहेंगे। फिर भी शासन-व्यवस्था सम्यक एवं सुचारु रूप से चलेगी।

(9) धनेश गुरु का फल –

सुमनसां च गुरुः द्रविणाधिपो वणिज-वृत्तिपराः सुखभाजिनः।
फलित पुष्पित-भूमिरुहाः सदा विविध द्रव्ययुताभुवि मानवाः॥`

अर्थात् धनेश (कोष-स्वामी) बृहस्पति (गुरु) हो, तो शासन-व्यवस्था व्यापारियों के लिए बहुत अनुकूल वातावरण एवं नीतियां बनाने में प्रयासरत रहेगी। व्यापारी अर्थात् वणिज वृत्ति वाले व्यापारी लोग व्यापार में लाभान्वित होकर सुखी एवं प्रसन्नचित हों। (वृक्षों पर फुलों, फलों आदि की पैदावार अच्छी हो)। जनता की जीवनशैली एवं आर्थिक स्तर में सुधार होगा। परन्तु कुछ विशिष्ट वर्ग के लोग ही धन-सम्पदा एवं भौतिक सुखों से सम्पन्न हो पायेंगे।

(10) दुर्गेश (सेनापति) चन्द्र का फल –

अथ च दुर्गपतिर्मृगलांछनो नरवराः सुखिनः शुभशासनात्।
बदुधनेक्षुजगोरसभोगिनो नृपतयो नरगीत पराक्रमाः॥

अर्थात् **`चन्द्रमा`** दुर्गेश (सेना का स्वामी) हो, तो उस वर्ष गणमान्य लोगों को समाज के प्रति उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं के कारण मान-सम्मान व प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। राजनेता (प्रशासक) प्रजा में सुचारु ढ़ंग से शासन करने तथा जनता को सुख-सुविधाएँ प्रदान करने की चेष्टा करेंगे। साधारण लोगों (जनता) की भी जीवनशैली एवं जीवनस्तर उन्नत एवं सुव्यवस्थित होगा। गुड़, चीनी, ईख (गन्ना), दूध, गोरस, मिष्ठान्न आदि के क्रय-विक्रय (व्यापार) करने वाले व्यापारियों को अच्छा (समुचित) लाभ प्राप्त हो। जनता शासन-तंत्र की सुव्यवस्था एवं नीतियों की प्रशंसा भी करेंगे।

नोट- वर्ष के उपरोक्त **दशाधिकारियों** का फल यद्यपि सर्वत्र होता है, परन्तु **राजा का फल** विशेष रूप से कश्मीर, बांग्लादेश, अफ़गानिस्तान, चीन, तिब्बत एवं हिमालय के निकटवर्ती क्षेत्र, **मन्त्री का फल** आन्ध्र प्रदेश, मालवा, उज्जैन आदि मध्य प्रदेशों में विशेष फल होता है। वैसे सामान्यतः राजा व मन्त्री का फल देश के प्रायः सभी क्षेत्रों में होता है।

मेष-चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ।
वर्षारम्भ से वर्षान्त तक इस राशि पर शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव रहने से मानसिक तनाव, गुप्त चिन्ताएं तथा धन सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न होती रहेंगी। ता. 2 अप्रैल से 11 मई तक मंगल द्वादश (व्यय) भाव में शनियुक्त होकर संचार करने से व्यर्थ यात्रा, खर्च के कारण तनाव रहे, फिज़ूलखर्ची से बचें। इसी मध्य 14 अप्रैल से 14 मई तक सूर्य इस राशि पर उच्चस्थ संचार करने से अकस्मात् धन लाभ भी होगा। ता. 11 मई से 20 जून तक मंगल का संचार इसी राशि पर होने से अकस्मात् धन-लाभ के अवसर मिलेंगे। ता. 31 अक्टूबर से वर्षान्त तक गुरु की शुभ दृष्टि इस राशि पर रहने से गुरुकृपा से सभी परेशानियां दूर होंगी। **उपाय – (1) 21 शनिवार सरसों के तेल में अपना मुख देखकर शनि का बीजमन्त्र पढ़ते हुए शनिदेव की मूर्त्ति के चरणों में चढ़ाते रहें। शनि बीज मन्त्र – 'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः॥' श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करें।**

वृष-ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो, ब।
वर्षभर वृष राशि पर शनि की तृतीय परन्तु मित्र दृष्टि रहने से मिश्रित प्रभाव रहेंगे। कार्य-व्यवसाय में संघर्ष अधिक होगा। कार्यों में विघ्न/बाधाओं के पश्चात् सफलता मिलेगी। ता. 19 अप्रैल से 14 मई तक शुक्र स्वराशिगत (वृष) रहने से कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। 15 मई से 14 जून के मध्य इस राशि पर सूर्य तथा फिर 20 जून से 2 अगस्त तक मंगल का संचार रहने से क्रोध, उत्तेजना से बचना चाहिए। ता. 1 अगस्त से 2 सितम्बर, पुनः 5 नवम्बर से 22 नवम्बर के मध्य राशिस्वामी शुक्र नीचराशि में होने से किसी दुष्ट व्यक्ति द्वारा हानि होने के संकेत मिलते हैं। ता. 3 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक शुक्र वक्री रहने से बनते कार्यों में अड़चनें पैदा होंगी। आय के साधनों में भी विघ्न उत्पन्न होंगे। **उपाय - वर्षभर काले वर्ण की वस्तुओं का प्रयोग न करें तथा हर शुक्रवार का व्रत विधिपूर्वक रखें।**

मिथुन-का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह।
वर्षारम्भ से 1 जून तक गुरु इस राशि पर संचार करने से मानसिक तनाव एवं घरेलु उलझने अधिक रहेंगी। यद्यपि विद्यार्थियों को विद्या में सफलता के अवसर बनेंगे। सन्तान, पति/पत्नी के भाग्य में वृद्धि होगी। ता. 30 अप्रैल से बुध लाभ स्थान में आने से बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा। अकस्मात् धन लाभ हो, गृह में कोई मंगल कार्य आयोजित होगा। ता. 29 मई से 22 जून तक, पुनः 7 जुलाई से 5 अगस्त तक बुध इसी राशि में संचार करने से व्यापार/नौकरी में लाभ, नई-नई योजनाएँ बनेंगी, मकान बनाने या कुछ परिवर्तन करने की योजना भी बनेगी। ता. 5 दिसम्बर से राहु अष्टमस्थ आने से स्वास्थ्य एवं धन सम्बन्धी समस्याएँ तनाव का कारण बनेंगी। आत्मबल बनाएँ रखें। **उपाय - प्रत्येक बुधवार को गौशाला में गौओं को मीठी चपातियां और हरा चारा खिलाना शुभ रहेगा। सायं तुलसी के आगे दीप जलाना शुभ होगा।**

कर्क-ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो।
वर्षारम्भ से 5 दिसम्बर तक राहु अष्टम भाव में संचार करने से स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। पेट, वायु (गैस) सम्बन्धी रोगों का भय है। व्यर्थ के वाद-विवाद एवं तनाव अधिक रहेगा। ता. 11 मई से 20 जून तक मंगल की नीच दृष्टि तथा 16 जुलाई से 16 अगस्त के मध्य सूर्य का संचार होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी (पेट सम्बन्धी, ब्लड-प्रैशर, रक्त सम्बन्धी रोग) तथा निकट भाई-बन्धुओं से मन-मुटाव एवं विरोध बढ़ेंगे। ता. 1 जून से 31 अक्टूबर तक गुरु इसी राशि में उच्चस्थ होकर संचार करने से मान-सम्मान में वृद्धि, शुभ कार्यों की ओर प्रवृत्ति तथा किसी मंगल कार्य की योजना भी बनेगी। ता. 18 सितम्बर से 12 नवम्बर तक मंगल इस राशि पर नीचावस्था में संचार करेगा।। **उपाय - वर्षभर संकल्पपूर्वक 'श्रीगणेश चतुर्थी' का व्रत विधिपूर्वक रखें। इसदिन श्रीगणेश जी का पूजन लड्डुओं के साथ करें तथा श्रीगणेश सहस्रनाम से उपासना करनी चाहिए।**

सिंह-मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टू, टे।
सिंह राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षपर्यन्त रहेगा। स्वास्थ्य हानि, सिर-पीड़ा, पेट एवं हृदय सम्बन्धी रोग, बनते कार्यों में अड़चनें रहेंगी। वर्षारम्भ से सूर्य पंचम में होने से कार्यक्षेत्र में कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी तथा गुप्त चिन्ताएं भी रहेंगी। 14 अप्रैल से सूर्य भाग्यस्थान में उच्चस्थ होने से आय के स्रोतों में वृद्धि तथा धन लाभ के अवसर बनेंगे। जून-जुलाई में सूर्य-शनि में दृष्टि सम्बन्ध होने से आय कम व खर्च बढ़ेंगे। जुलाई-अगस्त में सूर्य द्वादशस्थ होने से संघर्ष बढ़े तथा धन हानि होने के संकेत हैं। 17 अगस्त से 16 सितम्बर के मध्य सूर्य सिंह राशि में ही संचार करने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। 17 अक्टूबर से 16 नवम्बर के मध्य सूर्य नीच राशि-तुला में संचार करने से स्वास्थ्य में विकार, धन-हानि तथा बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। **उपाय - शनि की दृष्टि तथा ढैय्या के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु हर शनिवार सायंकाल को शनि मन्दिर में तेल, काले तिल चढ़ाना तथा दशरथकृत `शनि स्तोत्रम्` का पाठ करना शुभ रहेगा।**

कन्या-टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो।
वर्षभर शनि की दृष्टि इस राशि पर रहने के प्रभावस्वरूप शरीर-कष्ट, गृह में कलह-क्लेश, आर्थिक परेशानियां, आय कम व खर्चों की अधिकता होने की सम्भावनाएँ होंगी। ता. 23 फरवरी से 11 मई तक मंगल की भी विशेष दृष्टि रहेगी जिससे मानसिक तनाव, उलझनें, वृथा खर्च बढ़ेंगे। ता. 10 से 30 अप्रैल तक बुध नीचराशिगत रहने से स्वास्थ्य भी ठीक न रहे तथा अपने नज़दीकी सम्बन्धी भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। ता. 30 अप्रैल से 14 मई तक बुध अष्टमस्थ, फिर 22 जून से 6 जुलाई, पुनः 5 अगस्त से 22 अगस्त तक कर्क-राशिगत रहने से आर्थिक उलझनें, स्वास्थ्य कष्ट रहे। ता. 7 सितम्बर से 26 सितम्बर तक बुध इसी राशि (कन्या) में रहने से मान-सम्मान में वृद्धि तथा धन-लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। उसके बाद 21 दिसम्बर तक समयावधि अनुकूल एवं लाभ देने वाली होगी। **उपाय - बुधवार और शनिवार को शिवमन्दिर में शिवलिङ्ग पर कच्ची लस्सी और बेलपत्र पर चन्दन व हल्दी का तिलक करके श्रीशिव-अष्टोत्तर नाम (भगवान् शंकर के 108 नाम) का जाप करते हुए चढ़ावें।**

तुला-रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते।
वर्षारम्भ से 1 जून तक गुरु की विशेष शत्रु पंचम दृष्टि रहने से नित्य नई घरेलु एवं व्यवसायिक परेशानियां व समस्याएं उत्पन्न होती रहेंगी, परन्तु सत्संग एवं सम्यक विचारशीलता से सभी का निराकरण भी होता जाएगा। ता. 25 मार्च से 19 अप्रैल तक शुक्र की स्वगृही दृष्टि रहने से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, अकस्मात् धन-लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। परन्तु ता. 14 अप्रैल से 14 मई के मध्य इस राशि पर सूर्य की नीच दृष्टि रहने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। ता. 2 सितम्बर से 5 नवम्बर तक, पुनः 22 नवम्बर से वर्षान्त तक शुक्र स्वराशिगत तुला में संचार करने से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, अकस्मात् धन-लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। इसी मध्ये ता. 17 अक्टूबर से नवम्बर-दिसम्बर के मध्य तक कारोबार में अस्थिरता के हालात रहने के संकेत हैं। **उपाय - 21 शुक्रवार श्रीदुर्गा-पूजन, 5 कन्या पूजन, उन्हें खीर सहित श्वेत वस्तुएं देना एवं गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, गुड़ डालना शुभ होगा।**

वृश्चिक-तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू।
14 मई से 14 जून तक सूर्य की मित्र दृष्टि रहेगी, जिससे व्यवसाय में संघर्ष के बाद आय के स्रोत बढ़ेंगे। ता. 11 मई से 2 अगस्त तक इस राशि पर मंगल की स्वगृही दृष्टि रहेगी। ता. 1 जून से 31 अक्टूबर तक गुरु की शुभ मित्र दृष्टि रहने से शुभ/धार्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति, सन्तान-सुख तथा घर में कोई शुभ कार्य भी होगा। ता. 2 अगस्त से 18 सितम्बर तक मंगल अष्टमस्थ संचार करने से स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष सावधानी बरतें। ता. 18 सितम्बर से 12 नवम्बर तक मंगल नीचराशिगत संचार करने से मानसिक तनाव, घरेलु उलझनें एवं व्यवसाय में परेशानियों का सामना रहेगा। **उपाय - हर मंगलवार को विधिपूर्वक व्रत रखकर श्रीहनुमान एवं गणेश जी की उपासना करना शुभ एवं कल्याणदायक रहेगा।**

धनु-ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे।
इस राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षभर रहेगा। वर्षारम्भ से 1 जून तक इस राशि पर राशिस्वामी गुरु की स्वगृही दृष्टि भी रहेगी। फलस्वरूप विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बिगड़े हुए कार्यों में सुधार होता रहेगा। ता. 1 जून से 31 अक्टूबर तक राशिस्वामी गुरु उच्चराशिगत होने पर भी अष्टमस्थ होगा। अत्यन्त संघर्षपूर्ण परिस्थितियों भरा वातावरण रहेगा। ता. 31 अक्टूबर से गुरु सिंह राशि एवं भाग्यस्थान में प्रविष्ट होकर लग्न एवं पंचम भाव को देखेगा। गुरु सिंह राशि में वर्षान्त तक रहेगा। इस अवधि में धार्मिक कार्यों की ओर रुचि बनेगी। निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण मानसिक तनाव एवं खर्च भी बढ़ेंगे। **उपाय - लगभग सारा वर्ष बृहस्पतिवार का विधिपूर्वक व्रत रखना तथा पीले वर्ण का पुखराज धारण करना शुभ होगा।**

मकर-भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी।
वर्षभर राशिस्वामी शनि तृतीय भाव में संचार करेगा। सन्तान सम्बन्धी विशेष चिन्ता रहे तथा खर्च भी बढ़-चढ़ कर होते रहेंगे। ता. 1 जून से 31 अक्टूबर तक गुरु की नीच दृष्टि रहेगी। शुभाशुभ मिश्रित फल प्राप्त होंगे। व्यर्थ की चिन्ताएँ रहेंगी। ता. 16 जुलाई से 16 अगस्त तक इस राशि पर सूर्य की दृष्टि रहने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। ता. 18 सितम्बर से 12 नवम्बर तक इस राशि पर मंगल की उच्च दृष्टि रहेगी, जिससे मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तथा बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। परन्तु धन स्थान पर राहु की स्थिति होने से आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे। ता. 31 अक्टूबर से वर्षान्त तक गुरु अष्टम सिंह राशि में संचार करेगा। अत्यन्त कठिन परिस्थितियों का सामना रहेगा। ता. 5 दिसम्बर से राहु की इस राशि पर स्थिति मानसिक तथा घरेलु वातावरण में उथल-पुथल करेगी।
उपाय - प्रतिदिन सूर्य भगवान् को 'ॐ घृणिः सूर्याय नमः' मन्त्र से अर्घ्य दें तथा माघ माहात्म्य का पाठ करें।

कुम्भ-गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा।
वर्षभर राशिस्वामी शनि द्वितीयस्थ संचार करने से '**शनि-साढ़ेसाती**' का प्रभाव रहेगा। वर्षारम्भ से 5 दिसम्बर तक इस राशि पर राहु का संचार रहेगा, परन्तु वर्षारम्भ से 1 जून तक गुरु की इस राशि पर दृष्टि रहने से वर्ष का पूर्वार्द्ध भाग अपेक्षाकृत शुभ एवं लाभदायक रहेगा। भाग्य में उन्नति व धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। 17 अगस्त से 16 सितम्बर तक मध्य इस राशि पर सूर्य की दृष्टि रहने से इस अवधि में कार्य-व्यवसाय सम्बन्धी विशेष परेशानियां होंगी। ता. 31 अक्टूबर से वर्षान्त तक गुरु की विशेष सप्तम दृष्टि इस राशि पर रहने से किसी प्रियबन्धु/सन्त-महात्मा के दर्शन होंगे, तीर्थयात्रा हो अथवा परिवार में कोई मंगल कार्य आयोजन होगा। ता. 5 दिसम्बर से राहु का संचार भी हट जाने से कुछ बेहतर हालात बनेंगे। **उपाय – राहु की शान्ति के लिए प्रत्येक शनिवार शनि मन्दिर में मन्त्रपूर्वक नारियल व लड्डू चढ़ाने चाहिए। मन्त्र – 'ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः।'**

मीन-दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची।
वर्षभर शनि लग्नस्थ संचार करने से सम्पूर्ण वर्ष '**शनि-साढ़ेसाती**' का प्रभाव रहेगा। वर्षारम्भ से राशिस्वामी गुरु चतुर्थ भाव में मिथुन राशिगत होकर 1 जून तक संचार करने से इस अवधि में मिश्रित फल घटित होंगे। ता. 1 जून से 31 अक्टूबर तक राशिस्वामी गुरु उच्चस्थ होकर पंचम भाव में रहेगा। जिससे उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क रहेंगे। धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। ता. 18 सितम्बर से 12 नवम्बर तक भाग्येश मंगल नीच राशि (कर्क) में होने से अकस्मात् खर्च बढ़ेंगे तथा सेहत में विकार एवं घरलु झंझटों के कारण मानसिक तनाव होंगे। ता. 31 अक्टूबर से 5 दिसम्बर तक गुरु षष्ठस्थ (सिंह राशि) केतु युक्त रहने से कार्यों में विलम्ब उत्पन्न हो।
उपाय – प्रत्येक वीरवार को केले के पौधे का पूजन करना, भगवान् शंकर की पूजा करके शिवलिङ्ग पर हल्दी मिलाकर जल 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र पढ़ते हुए बेलपत्र सहित चढ़ाना शुभ होगा।

❊ प्रमुख व्रत-त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2026 ई०) ❊

दिनाङ्क	वार	पर्व
19 मार्च	**गुरु**	**वि.संवत् 2082 पूर्ण। वि.संवत् 2083 शुरु। चैत्र (वासन्त) नवरात्र शुरु। तैलाभ्यंग ध्वजारोहण।**
20 मार्च	शुक्र	महाविषुव दिवस।
21 मार्च	शनि	गौरी तृतीया (गणगौर)
23 मार्च	सोम	श्री (लक्ष्मी) पंचमी। हय-व्रत। नाग-पंचमी।
24 मार्च	मंगल	स्कन्द षष्ठी व्रत।
26 मार्च	गुरु	अशोकाष्टमी। श्रीदुर्गाष्टमी, भवान्युत्पत्ति। श्रीरामनवमी।
27 मार्च	**शुक्र**	**वासन्त नवरात्र समाप्त।**
28 मार्च	**शनि**	**नवरात्र व्रत पारणा।**
29 मार्च	रवि	लक्ष्मीकान्त दोलोत्सव।
30 मार्च	सोम	श्रीविष्णु-दमनोत्सव। अनङ्ग त्रयोदशी।
31 मार्च	मंगल	श्री महावीर जयन्ती (जैन)।
1 अप्रैल	बुध	शिव-दमनोत्सव।
2 अप्रैल	**गुरु**	**श्री हनुमान जयं.(दक्षिण)। वैशाखस्नान प्रारम्भ।**
3 अप्रैल	शुक्र	गुड फ्राईडे (क्रिश्चि.)।
14 अप्रैल	**मंगल**	**वैशाखी पर्व (पं.)।**
19 अप्रैल	**रवि**	**परशुराम जयन्ती। अक्षय-तृतीया। केदार-बद्री यात्रा प्रा.**
21 अप्रैल	**मंगल**	**आद्यगुरु शंकराचार्य जयन्ती।**
23 अप्रैल	गुरु	श्रीगङ्गा-जयन्ती।
24 अप्रैल	शुक्र	श्रीबगलामुखी जयन्ती।
25 अप्रैल	शनि	जानकी-जयन्ती।
30 अप्रैल	गुरु	श्रीनृसिंह जयन्ती।
1 मई	शुक्र	श्री कूर्म जयन्ती। वैशाख-बुद्ध पूर्णिमा। वैशाख स्नान समाप्त
13 मई	बुध	भद्रकाली एकादशी।
16 मई	शनि	शनैश्चर-जयन्ती। वटसावित्री व्रत (अमा. पक्ष) ज्येष्ठ, भावुका अमावस्या।
17 मई	रवि	ज्येष्ठ अधिक (मल-मास प्रारम्भ)।
25 मई	**सोम**	**श्रीगङ्गा-दशहरा पर्व।**
15 जून	सोम	ज्येष्ठ अधि.(पुरुषोत्तम)-मास समाप्त। सोमवती (ज्ये.) अमावस्या।
17 जून	बुध	रम्भा तृतीया व्रत।

❊ प्रमुख व्रत-त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2026 ई०) ❊

दिनाङ्क	वार	पर्व
20 जून	शनि	अरण्य षष्ठी। विन्ध्यवासिनी पूजा।
21 जून	**रवि**	**सायन दक्षिणायन शुरु।**
22 जून	सोम	श्रीदुर्गाष्टमी, धूमावती जयन्ती। मेला क्षीर-भवानी (काश्मीर)
25 जून	**गुरु**	**निर्जला एकादशी व्रत।**
29 जून	सोम	वटसावित्री व्रत (पूर्णिमा पक्ष)। शुद्ध ज्येष्ठ पूर्णिमा। सन्त कबीर जयन्ती।
15 जुलाई	**बुध**	**आषाढ़ गुप्तनवरात्र शुरु।**
16 जुलाई	गुरु	श्री जगन्नाथ रथ यात्रा-पुरी।
19 जुलाई	रवि	कुमार षष्ठी।
20 जुलाई	सोम	विवस्वत सप्तमी।
22 जुलाई	**बुध**	**गुप्तनवरात्र समाप्त।**
25 जुलाई	**शनि**	**हरिशयनी एकादशी व्रत। श्रीविष्णु शयनोत्सव। चातुर्मास्य व्रत, नियम शुरु।**
29 जुलाई	**बुध**	**गुरु पूर्णिमा, व्यासपूजा। श्रीशिव शयनोत्सव। कोकिला व्रत।**
3 अगस्त	**सोम**	**श्रावण सोमवार व्रत शुरु।**
11 अगस्त	**मंगल**	**श्रावण-शिवरात्रि।**
12 अगस्त	**बुध**	**हरियाली अमावस्या।**
13 अगस्त	गुरु	मे.चिन्तापूर्णी हि.प्र. शुरु।
15 अगस्त	शनि	मधुस्रवा-हरियाली तीज। स्वतन्त्रता दिवस (80वाँ)
17 अगस्त	सोम	नाग-पंचमी। श्रीकल्कि जयन्ती।
19 अगस्त	**बुध**	**गो.तुलसीदास जयन्ती।**
20 अगस्त	गुरु	श्रीदुर्गाष्टमी। मे. चिन्तापूर्णी हि.प्र. समाप्त। दूर्वाष्टमी व्रत।
26 अगस्त	बुध	ऋक्-उपाकर्म।
27 अगस्त	गुरु	शुक्ल-यजु उपाकर्म।
28 अगस्त	**शुक्र**	**श्रावण-पूर्णिमा। रक्षाबन्धन (राखी)। श्रीअमरनाथ यात्रा समाप्त। कृष्ण-यजु उपाकर्म।**
31 अगस्त	सोम	कज्जली-तृतीया। श्रीगणेश (बहुला) चतुर्थी।
2 सितम्बर	बुध	चन्दन षष्ठी व्रत।
4 सितम्बर	**शुक्र**	**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत। श्रीकृष्ण-जयन्ती योग।**
5 सितम्बर	**शनि**	**गोकुलाष्टमी, नन्दोत्सव। श्रीगुग्गा-नवमी।**

❋ प्रमुख व्रत-त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2026 ई०) ❋

दिनाङ्क	वार	पर्व
8 सितम्बर	मंगल	वत्स द्वादशी (पूजा)।
10 सितम्बर	गुरु	कुशाग्रहणी अमावस्या। पिठोरी अमावस्या।
12 सितम्बर	शनि	सामवेदि उपाकर्म।
14 सितम्बर	सोम	हरितालिका तृतीया। कलंक-चतुर्थी। सिद्धिविनायक व्रत।
15 सितम्बर	मंगल	ऋषि पंचमी व्रत।
17 सितम्बर	गुरु	सूर्य षष्ठी व्रत। मुक्ताभरण सन्तान सप्तमी।
18 सितम्बर	शुक्र	श्रीमहालक्ष्मी-व्रत शुरु।
19 सितम्बर	शनि	श्रीराधाष्टमी।
20 सितम्बर	रवि	श्रीचन्द नवमी (उदासीन)
23 सितम्बर	बुध	श्रीवामन-जयन्ती।
25 सितम्बर	**शुक्र**	**अनन्त चतुर्दशी व्रत। मेला सोढल, जालन्धर (पं.)।**
26 सितम्बर	शनि	प्रोष्ठपदी-पूर्णिमा श्राद्ध। महालय प्रारम्भ।
27 सितम्बर	रवि	पितृपक्ष (श्राद्ध) प्रारम्भ।
2 अक्टूबर	शुक्र	महात्मा गाँधी जयन्ती।
3 अक्टूबर	शनि	श्रीमहालक्ष्मी व्रत सम्पन्न।
10 अक्टूबर	शनि	महालय/श्राद्ध समाप्त। सर्वपितृ श्राद्ध। गजच्छाया योग।
11 अक्टूबर	**रवि**	**आश्विन शारदीय नवरात्र आरम्भ।**
15 अक्टूबर	गुरु	उपाङ्ग ललिता व्रत।
16 अक्टूबर	शुक्र	सरस्वती आवाहन।
17 अक्टूबर	शनि	सरस्वती पूजन।
18 अक्टूबर	रवि	सरस्वती बलिदान।
19 अक्टूबर	सोम	श्रीदुर्गाष्टमी,सरस्वती विसर्जन,महानवमी (व्रत,पूजा,होम हेतु)
20 अक्टूबर	**मंगल**	**महानवमी (वलिदान हेतु)। नवरात्र-समाप्त। विजयदशमी (दशहरा)।**
21 अक्टूबर	**बुध**	**नवरात्र व्रत पारणा। भरत मिलाप।**
25 अक्टूबर	रवि	शरद् पूर्णिमा व्रत। कोजागार व्रत।
26 अक्टूबर	सोम	महर्षि श्रीवाल्मीकि जयन्ती। कार्तिकस्नान प्रारम्भ।
29 अक्टूबर	गुरु	व्रत करवा-चौथ।
1 नवम्बर	रवि	अहोई व्रत।
5 नवम्बर	गुरु	गोवत्स द्वादशी।

❊ प्रमुख व्रत–त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2026–2027 ई०) ❊

दिनाङ्क	वार	पर्व
6 नवम्बर	**शुक्र**	**धन त्रयोदशी। यम प्रीत्यर्थं दीपदान।**
7 नवम्बर	**शनि**	**श्रीहनुमान जयं. (उ.भारत)**
8 नवम्बर	**रवि**	**नरक-चतुर्दशी। दीपावली, महालक्ष्मी पूजन।**
9 नवम्बर	**सोम**	**कार्तिक सोमवती अमावस्या,विश्वकर्मा दिवस (पं.)**
10 नवम्बर	**मंगल**	**अन्नकूट-गोवर्धन पूजा। गोक्रीड़ा। बलि पूजा।**
11 नवम्बर	**बुध**	**भाईदूज, यमद्वितीया। श्रीविश्वकर्मा-पूजन।**
15 नवम्बर	**रवि**	**सूर्य षष्ठी पर्व (बिहार)।**
17 नवम्बर	**मंगल**	**गोपाष्टमी।**
18 नवम्बर	बुध	अक्षय-कूष्माण्ड नवमी।
20 नवम्बर	**शुक्र**	**भीष्मपंचक प्रारम्भ,हरिबोधिनी एका.(स्मा.)। तुलसी विवाह**
21 नवम्बर	**शनि**	**हरिप्रबोधोत्सव। हरिप्रबोधिनी एकादशी (वै.)। चातुर्मास्य व्रतादि समाप्त।**
23 नवम्बर	**सोम**	**वैकुंठ चतुर्दशी।**
24 नवम्बर	मंगल	कार्तिक पूर्णिमा। त्रिपुरोत्सव। श्रीगुरु नानक जयन्ती। कार्तिकस्नान समाप्त। भीष्मपंचक समाप्त।
1 दिसम्बर	मंगल	श्रीकालभैरवाष्टमी।
15 दिसम्बर	मंगल	स्कन्द-गुह षष्ठी। चम्पा-षष्ठी (महाराष्ट्र)
16 दिसम्बर	बुध	मित्र (विष्णु) सप्तमी।
20 दिसम्बर	**रवि**	**मोक्षदा एकादशी व्रत। श्रीगीता जयन्ती।**
21 दिसम्बर	सोम	सूर्य उत्तरायण में (सायण)।
23 दिसम्बर	बुध	श्रीदत्तात्रेय जयन्ती।
25 दिसम्बर	शुक्र	क्रिसमिस डे (क्रिश्चि.)
31 दिसम्बर	गुरु	रुक्मणि अष्टमी।
13 जनवरी	**बुध**	**लोहड़ी पर्व।**
14 जनवरी	**गुरु**	**मकर (माघ) संक्रान्ति।**
15 जनवरी	शुक्र	मार्तण्ड सप्तमी।श्रीगुरु गोविन्द सिंह जयन्ती।
18 जनवरी	सोम	पुत्रदा एकादशी (स्मा.)
22 जनवरी	शुक्र	पौष पूर्णिमा। माघस्नान प्रारम्भ।

❊ प्रमुख व्रत–त्यौहार, व्रत एवं छुट्टियाँ (2027 ई॰) ❊

दिनाङ्क	वार	पर्व
25 जनवरी	सोम	श्रीगणेश संकट चतुर्थी।
26 जनवरी	**मंगल**	**गणतन्त्र दिवस (78वाँ)।**
6 फरवरी	**शनि**	**माघ (मौनी) अमावस्या। महोदय योग।**
7 फरवरी	**रवि**	**गुप्त नवरात्र प्रारम्भ।**
9 फरवरी	मंगल	गौरी तृतीया (गोंतरी)।
10 फरवरी	बुध	तिल-कुन्द चतुर्थी।
11 फरवरी	**गुरु**	**वसन्त (श्री) पंचमी। लक्ष्मी-सरस्वती पूजन।**
13 फरवरी	शनि	आरोग्य-पुत्र सप्तमी। रथ सप्तमी (पूर्वारुणोदय वाली)।
14 फरवरी	रवि	भीष्माष्टमी।
15 फरवरी	**सोम**	**गुप्त नवरात्र समाप्त।**
18 फरवरी	गुरु	भीष्म-द्वादशी, तिल द्वादशी।
20 फरवरी	शनि	माघपूर्णिमा। माघस्नान समाप्त। श्रीगुरु रविदास जयन्ती।
2 मार्च	मंगल	स्वा.दयानन्द सरस्वती जयं.।
6 मार्च	**शनि**	**श्रीमहाशिवरात्रि व्रत। (`शिव-योग` प्रशस्त)**
8 मार्च	सोम	सोमवती अमावस्या।
15 मार्च	सोम	होलाष्टक प्रारम्भ। अन्नपूर्णा-अष्टमी।
19 मार्च	शुक्र	गोविन्द द्वादशी।
20 मार्च	शनि	महाविषुव दिवस।
21 मार्च	रवि	होलिका-दहन (प्रदोष में)।
22 मार्च	सोम	होलाष्टक समाप्त। होली पर्व।
23 मार्च	मंगल	वसन्तोत्सव। होला मेला (श्रीआनन्दपुर व पांओटा साहिब)
27 मार्च	शनि	श्रीरंग-पंचमी।
30 मार्च	मंगल	शीतलाष्टमी व्रत।
4 अप्रैल	रवि	वारुणी पर्व।
5 अप्रैल	सोम	मेला पिहोवातीर्थ (हरि.)।
6 अप्रैल	**मंगल**	**वि.संवत् 2083 पूर्ण।**

॥ संदिग्ध प्रमुख व्रत–पर्वों का शास्त्रीय निर्णय वि.सं. 2083॥

(1) वासन्त (चैत्र) नवरात्रारम्भ (19 मार्च, 2026 ई., गुरुवार)

सूर्योदय-व्यापिनी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन वासन्त नवरात्रों का प्रारम्भ, घटस्थापन, श्रीदुर्गा-पूजन आदि शुभ कृत्यों का प्रारम्भ होता है। देवीपुराण में यद्यपि अमावस्या युक्ता प्रतिपदा में श्रीदुर्गा-पूजारम्भ (चण्डिकार्चन) का प्रारम्भ शुभ नहीं माना गया है, परन्तु प्रतिपदा का क्षय हो जाए या वह दूसरे दिन एक मुहूर्त्त से कम होने की स्थिति में अमावस्या युक्ता प्रतिपदा के दिन ही नवरात्रारम्भ, घटस्थापन करने के लिए शास्त्रनिर्देश है।

इसवर्ष वासन्त-नवरात्र का प्रारम्भ 19 मार्च, 2026 ई. अमावस्यायुक्ता प्रतिपदा में ही होगा क्योंकि प्रतिपदा दूसरे दिन सूर्योदय के समय बिल्कुल नहीं है। **अतः वासन्त (चैत्र) नवरात्रों का प्रारम्भ 19 मार्च, 2026 ई., गुरुवार को ही शास्त्र-सम्मत होगा।**

(2) श्रीरामनवमी (26 मार्च, गुरुवार)

श्रीराम का जन्म मध्याह्नव्यापिनी चैत्रशुक्ल नवमी में हुआ था, अतः मध्याह्नव्यापिनी चैत्र शुक्ल नवमी के ही दिन '**श्रीरामनवमी व्रत**' करने का विधान है। श्रीराम के जन्म के समय पुनर्वसु नक्षत्र भी था, अतः पुनर्वसुयुता मध्याह्नव्यापिनी नवमी में व्रत का विशेष माहात्म्य है। परन्तु पुनर्वसु नक्षत्र निर्णायक नहीं है। इसवर्ष 26 मार्च, 2026 ई. को मध्याह्न के समय नवमी आर्द्रा नक्षत्रयुता है। अतः यह व्रत इस वर्ष इसी दिन किया जाएगा। यहाँ पुनर्वसु निर्णायक तत्त्व नहीं है, एवं च, 27 मार्च को नवमी मध्याह्नकाल को स्पर्श भी नहीं कर रही। **अतएव 'रामनवमी व्रत' 26 मार्च, गुरुवार को ही शास्त्रसम्मत एवं ग्राह्य होगा।**

(3) अक्षय-तृतीया (19 अप्रैल, 2026 ई., रविवार)

वैशाख शुक्ल तृतीया को '**अक्षय-तृतीया**' पर्व मनाया जाता है। वैशाख शुक्ल तृतीया युगादि तिथि भी है। इसदिन किए गए स्नान-दान, पितृश्राद्ध-तर्पण, जप-होमादि सभी सत्कर्मों का फल अक्षय अर्थात् अनन्त होता है। वैशाख शुक्ल तृतीया जिस दिन पूर्वाह्न-व्यापिनी होगी, उसी दिन यह पर्व मनाया जाएगा। यदि तृतीया दोनों दिन पूर्वाह्न-व्यापिनी हो अथवा आंशिक रूप से पूर्वाह्न-काल को व्याप्त करे, तो शास्त्रानुसार तीन मुहूर्त्त (लगभग 6 घड़ी) से अधिक व्याप्ति की स्थिति में दूसरे दिन (चतुर्थीयुता) मनाया जाए, परन्तु यदि तीन मुहूर्त्त से कम (न्यून) हो, तो पहले दिन (द्वितीया युता) ही मनाया जाना चाहिए। इस वर्ष यह तृतीया 19 एवं 20 अप्रैल (2026 ई.) को दोनों दिन पूर्वाह्न के एकदेश को व्याप्त कर रही है और यह 20 अप्रैल, 2026 ई. को तीन मुहूर्त्त से कम (मात्र 3 घड़ी 45 पल) है। **अतः 19 अप्रैल, रविवार को तृतीया तिथि प्रातः $10^{घ.}50^{मि.}$ बाद पूर्वाह्न, मध्याह्न एवं अपराह्न-व्यापिनी होने से स्नान-दान, जप, होम, तर्पणादि सत्कृत्यों**

के लिए प्रशस्त होगी।

(4) श्रीगङ्गा दशहरा पर्व (25 मई, 2026 ई.) [अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष]

ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को **'गङ्गा-दशहरा'** पर्व मनाया जाता है। ज्येष्ठ अधिक मास होने की स्थिति में, शास्त्रानुसार उसी अधिक मास में यह पर्व मनाया जाता है, शुद्ध में नहीं, **इस वर्ष 25 मई, 2026 ई., सोमवार को अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन ही श्रीगङ्गा-दशहरा (विशेषकर हरिद्वार में) का पर्व आयोजित होगा।** इसदिन प्रातः $9^{घं.}07^{मि.}$ बाद कन्यास्थ चन्द्र और सूर्य वृषस्थ भी है, जो इसे माहात्म्य प्रदान करता है।

(5) श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (जयन्ती) (भाद्र. कृष्ण 8) (4 सितम्बर, 2026 ई.)

अर्द्धरात्रिव्यापिनी भाद्र. कृष्ण अष्टमी को चन्द्रोदय के समय रोहिणी नक्षत्र से संयोग होने पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को **'श्रीकृष्ण जयन्ती'** के नाम से भी संभोधित किया जाता है। इस वर्ष 4 सितम्बर, शुक्रवार को अर्धरात्रिव्यापिनी चन्द्रोदयकालीन अष्टमी रोहिणीयुता है। अतः यहाँ **'श्रीकृष्ण-जयन्ती'** नामक **पुण्यतम योग** बना है।

(6) आश्विन नवरात्र प्रारम्भ (आश्विन शुक्ल प्रतिपदा)

शास्त्रानुसार सूर्योदय बाद 10 घड़ी (लगभग 4 घण्टे) तक या मध्याह्न-काल में अभिजित् मुहूर्त्त (दिन के अष्टम मुहूर्त्त) के समय नवरात्रारम्भ व कलशास्थापन किया जाता है। प्रतिपदा की पहली 16 घड़ियां तथा चित्रा-वैधृति योगों का पूर्वार्द्ध भाग नवरात्रारम्भ के लिए निषिद्ध है। यदि नवरात्रारम्भ हेतु यह विहित-काल अर्थात् सूर्योदय बाद कि 10 घटियां तथा अभिजित् मुहूर्त्त-प्रतिपदा की प्रथम 16 घड़ियों अथवा चित्रा-वैधृति के पूर्वार्द्ध भाग से पूरी तरह दूषित हो, तो इसकी उपेक्षा करते हुए इस दूषित-काल में ही कलश-स्थापन कर लेना चाहिए।

इस वर्ष 11 अक्टूबर, 2026 ई. को नवरात्रारम्भ होंगे। यहाँ प्रतिपदा की आदिम 16 घटी तो 11 अक्टूबर के सूर्योदय से पूर्व ही $27^{घं.}44^{मि.}$ पर समाप्त हो जाएंगी। परन्तु घटस्थापन के लिए विहित सूर्योदय बाद की आदि (प्रथम) 10 घटीकाल चित्रा एवं वैधृति योगों – दोनों से दूषित है। चित्रा नक्षत्र का पूर्वार्धकाल प्रातः $10^{घं.}08^{मि.}$ तक तथा वैधृति-योग का पूर्वार्धकाल प्रातः $9^{घं.}25^{मि.}$ तक रहेगा। **अतः पूर्वोक्त निर्देशानुसार प्रातः $10^{घं.}08^{मि.}$ के बाद 'अभिजित् मुहूर्त्त' में (11 अक्टूबर, 2026 ई.) नवरात्रारम्भ, घटस्थापन, दीपपूजन आदि करने चाहिए।**

(7) हरिप्रबोधिनी एकादशी व्रत (कार्तिक शुक्लपक्ष)

आषाढ़ कृष्ण एकादशी की भाँति कार्तिक शुक्ल एकादशी तिथि का भी क्षय हुआ है। अतएव स्मार्त्तों (गृहस्थों) को एकादशी व्रत (हरिप्रबोधिनी एकादशी व्रत) दशमीविद्धा

एकादशी में ही करना होगा, क्योंकि ऐसा न करने पर (अर्थात् द्वादशी वाले दिन वैष्णवों के साथ ही व्रत करने पर) उनको पारणा त्रयोदशी में करनी पड़ेगी, जोकि उनके लिए सर्वथा निषिद्ध है।

इसलिए इस वर्ष यह हरिप्रबोधिनी एकादशी व्रत स्मार्त्तों (गृहस्थों) के लिए 20 नवम्बर, 2026 ई. को तथा वैष्णवों के लिए 21 नवम्बर, 2026 ई. के दिन लिखा गया है।

(8) श्रीगणेश चतुर्थी व्रत (फाल्गुन कृष्णपक्ष)

चन्द्रोदयव्यापिनी कृष्ण चतुर्थी को श्रीगणेश चतुर्थी व्रत होता है। दोनों दिन चन्द्रोदयव्यापिनी न हो तो यह व्रत दूसरे दिन होता है। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण चतुर्थी दोनों दिन चन्द्रोदयव्यापिनी नहीं है। **इसलिए यहाँ श्रीगणेश चतुर्थी व्रत दूसरे दिन 24 फरवरी, 2027 ई. को लिखा गया है।**

(9) होलिका-दहन (21 मार्च, 2027 ई., रविवार)

प्रदोष-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा-रहितकाल में होलिका-दहन किया जाता है। यथा – **'सा प्रदोषव्यापिनी भद्ररहित ग्राह्या।।'** (धर्मसिन्धु)

यदि प्रदोषकाल के समय भद्रा हो और भद्रा निशीथकाल (लगभग अर्द्धरात्रि) से पहले ही समाप्त हो रही हो तो भद्रा के बाद और निशीथकाल से पहले होलिका-दहन करने की शास्त्राज्ञा है। परन्तु यदि भद्रा निशीथकाल से पहले समाप्त न हो तथा निशीथ (अर्द्धरात्रि) के बाद तक व्याप्त हो तथा अगले दिन पूर्णिमा साढ़े तीन प्रहर (3½) से अधिक (अर्थात् सायाह्न एवं प्रदोषव्यापिनी न हो) न हो, तब पहले ही दिन भद्रा-मुखकाल को छोड़कर भद्रापुच्छ में होलिका-दहन कर लेना चाहिए। परन्तु यदि भद्रापुच्छ भी निशीथ से पहले न मिले तो भद्रा में ही **'प्रदोषकाल'** में होलिका-दीपन कर लेना चाहिए।

वि. संवत् 2083 में भी यही स्थिति घटित हो रही है। फाल्गुन पूर्णिमा केवल पहिले दिन (21 मार्च, 2027 ई.) ही प्रदोष-व्यापिनी है। आगामी दिवस (22 मार्च) को साढ़े तीन प्रहर से कम ही है। **ता. 21 मार्च को 'प्रदोषकाल' जोकि लगभग $18^{घं.}35^{मिं.}$ से $20^{घं.}59^{मिं.}$ तक रहेगा,** भद्रा से व्याप्त है और भद्रा निशीथ (अर्द्धरात्रि) के बाद जाकर समाप्त हो रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त शास्त्रनियम अनुसार 21 मार्च, 2027 ई. को ही **'भद्रा-मुख', 'भद्रा-पुच्छ'** के समय का विचार न करते हुए **'प्रदोषकाल' ($18^{घं.}35^{मिं.}$ से $20^{घं.}59^{मिं.}$ तक) में ही 'होलिका-दहन' किया जाना चाहिए। यही शास्त्रसम्मत रहेगा।**

*****

❊ ज्येष्ठ अधिक मास वि. सं. 2083 ❊

आगामी वि.सं.2083 (सन् 2026-27 ई.) में चान्द्र ज्येष्ठ मास अधिक मास रहेगा। इस चान्द्र मास की कालावधि 17 मई, रविवार से 15 जून, सोमवार तक रहेगी।

अधिक मास निर्णय - जिस चान्द्र-मास में सूर्य-संक्रान्ति का अभाव हो, उस चान्द्र मास को अधिक मास कहते हैं। **यस्मिन् मासे न संक्रान्तिः, संक्रान्ति द्वयमेव वा। मलमासः स विज्ञेयो मासे त्रिंशत्तमे भवेत्॥**

❊ अधिक (पुरुषोत्तम) मास में त्याज्य कर्म / कार्य ❊

अधिमास में फल प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले प्रायः सभी काम वर्जित हैं और फल की आशा से रहित होकर करने के आवश्यक सब काम किए जा सकते हैं। अधिक (पुरुषोत्तम) मास में कुछ नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य कर्मों को करने का निषेध माना गया है। जैसे-विवाह, यज्ञ, देव-प्रतिष्ठा, महादान, चूड़ाकर्म (मुण्डन), पहले कभी न देखे हुए देवतीर्थों में गमन, नवगृह प्रवेश, वृषोत्सर्ग, भूमि आदि सम्पत्ति की खरीद (क्रय), नई गाड़ी का क्रय आदि शुभ कार्यों का आरम्भ अधिक मास काल में नहीं करना चाहिए-

अग्न्याधेयं प्रतिष्ठां च यज्ञो दानव्रतानि च। वेदव्रतवृषोत्सर्ग चूडाकरणमेखलाः॥
गमनं देवतीर्थानां विवाहमभिषेचनम्। यानं च गृहकर्माणि मलमासे विवर्जयेत्॥

इसके अतिरिक्त अन्य अनित्य व अनैमित्तिक कार्य जैसे-नववधू प्रवेश, नव-यज्ञोपवीत धारण, व्रतोद्यापन, नव-अलंकार, नवीन वस्त्रादि धारण करना, कुआँ, तालाब, बावली, बाग आदि का खनन करना, भूमि, वाहनादि का क्रय करना, काम्य व्रत का आरम्भ, भूमि, सुवर्ण, तुला, गायादि का दान, अष्टका श्राद्ध, उपनयन, द्वितीय वार्षिक श्राद्ध, उपाकर्मादि कर्मों के सम्पादन का निषेध माना गया है।

❊ अधिक (पुरुषोत्तम) मास में करणीय कर्म ❊

अधिक (मल) मास में जिस काम्य कर्म के प्रयोग का आरम्भ अधिक मास से पहले ही हो चुका हो, उसकी सम्पूर्ति अधिक मास में विहित है। मलमास में मरने वाले का वार्षिक श्राद्ध, मासिक श्राद्ध, पितरों की क्रिया करना, तीर्थ व गजच्छाया श्राद्ध, यदि मध्य में किसी के मलमास हो तो एक मास का अधिक ही श्राद्ध होगा। अर्थात् जिस मास में यह प्राप्त होता है, उसकी द्विरावृत्ति होती है। यदि मलमास में ही किसी की मृत्यु हो, तो उससे जो 12वाँ मास हो, उसमें प्रेतक्रिया को समाप्त करना चाहिए। तीव्र ज्वर या प्राणघातक रोगादि की निवृत्ति के लिए रुद्रपूजादि अनुष्ठान, पुत्र/सन्तान जन्म के बाद अन्नप्राशन, गण्डमूल, जन्मदिन पूजन सम्बन्धी आवश्यक (दिन-निर्धारित) कर्म, कपिल-षष्ठी जैसे दुर्लभ योगों के प्रयोग, नित्य पूजा-जप-दानादि कर्म अथवा ग्रहण सम्बन्धी श्राद्ध, दान, जपादि किए जा सकते हैं- **आवश्यकर्म मासाख्यं मलमासमृताब्दिकम्। तीर्थेभच्छाययोः श्राद्धमाधानाङ्ग पितृक्रियाम्॥**

❊❊❊

❊ हरिद्वार अर्धकुम्भ मेला वि. सं. 2083–84 ❊

आगामी वि.सं.2083-84 (सन् 2027 ई.) में हरिद्वार के पावन तीर्थ पर 14 जनवरी से 15 अप्रैल 2027 तीन माह की अवधि तक अर्धकुम्भ-पर्व का आयोजन होने जा रहा है। यह पर्व भारतीय संस्कृति एवं हिन्दु समाज का महान् एवं अद्वितीय पर्व है। इसमें असंख्य श्रद्धालु एवं धर्मपरायण लोग एकत्र होकर गंगा जी के तट पर स्नान, जप, तप, दान आदि करके अपने जीवन को धन्य करते हैं।

सन् 2027 ई. में अर्धकुम्भ की पुण्य स्नान-तिथियाँ

(1) मकर-संक्रान्ति – 14 जनवरी, गुरुवार

(2) मौनी अमावस्या - 6 फरवरी, शनिवार

(3) वसन्त पञ्चमी - 11 फरवरी, गुरुवार

(4) माघ पूर्णिमा – 20 फरवरी, शनिवार

(5) श्रीमहाशिवरात्रि-स्नान – 6 मार्च, शनिवार (प्रथम अमृत स्नान)

(6) सोमवती अमावस्या – 8 मार्च, सोमवार (द्वितीय अमृत स्नान)

(7) नव संवत्सर - 7 अप्रैल, बुधवार

(8) मेष संक्रान्ति - 14 अप्रैल, बुधवार (तृतीय अमृत स्नान)

(9) श्रीरामनवमी - 15 अप्रैल, गुरुवार

(10) चैत्र पूर्णिमा – 20 अप्रैल, मंगलवार (अन्तिम चतुर्थ अमृत स्नान)

❊ कुम्भ-पर्व पर स्नान-दान, जपादि की महिमा ❊

कुम्भ के पावन पर्व पर सहस्रों की संख्या में सन्त, महात्मा, नागा संन्यासी एवं विभिन्न अखाड़ों के अनुयायी सन्त, शिष्य तथा करोड़ों श्रद्धालु जन हरिद्वार की हरकी-पौड़ी पर स्नान, दान, जप, होमादि करके पुण्यार्जन करेंगे।

हिन्दू-धर्मशास्त्र कुम्भ-पर्व की महिमा से भरे पड़े हैं।

स्कन्दपुराणानुसार- **तान्येव यः पुमान् योगे सोऽमृतत्वाय कल्पते।**
देवा नमन्ति तत्रस्थान् यथा रङ्का धनाधिपान्॥

'जो मनुष्य कुम्भ योग में स्नान करता है, वह अमृतत्व (मुक्ति) की प्राप्ति करता है। जिस प्रकार दरिद्र मनुष्य सम्पत्तिशाली को नम्रता से अभिवादन करता है, उसी प्रकार कुम्भ-पर्व में स्नान करने वाले मनुष्य को देवगण नमस्कार करते हैं।

इस पर्व के स्नान, दान, जपानुष्ठान का लाभ एवं सिद्ध महापुरुषों के सत्संग का विशेष पुण्य लाभ प्राप्त होता है।

❊ श्री अम्बे जी की आरती ❊

जय अंबे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
तुमको निशदिन ध्यावत (2), हरि ब्रह्मा शिवजी॥
ॐ जय अंबे गौरी...

मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को। (मैया टीको मृगमद को)
उज्वल से दोउ नैना (2), चंद्रवदन नीको॥
ॐ जय अंबे गौरी...

कनक समान कलेवर, रक्तांबर राजै। (मैया रक्तांबर राजै)
रक्तपुष्प गल माला (2), कंठन पर साजै॥
ॐ जय अंबे गौरी...

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी। (मैया खड्ग खप्पर धारी)
सुर नर मुनिजन सेवत (2), तिनके दुःखहारी॥
ॐ जय अंबे गौरी...

कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती। (मैया नासाग्रे मोती)
कोटिक चंद्र दिवाकर (2), राजत सम ज्योती॥
ॐ जय अंबे गौरी...

शुंभ-निशुंभ बिदारे, महिषासुर घाती। (मैया महिषासुर घाती)
धूम्र विलोचन नैना (2), निशदिन मदमाती॥
ॐ जय अंबे गौरी...

चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे। (मैया शोणित बीज हरे)
मधु-कैटभ दोउ मारे (2), सुर भयहीन करे॥
ॐ जय अंबे गौरी...

ब्रह्माणी, रूद्राणी, तुम कमला रानी। (मैया तुम कमला रानी)
आगम निगम बखानी (2), तुम शिव पटरानी॥
ॐ जय अंबे गौरी...

चौंसठ योगिनी मंगल गावत, नृत्य करत भैरव। (मैया नृत्य करत भैरव)
बाजत ताल मृदंगा (2), अरू बाजत डमरू ॥
ॐ जय अंबे गौरी...

तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता। (मैया तुम ही हो भरता)
भक्तन की दुख हरता (2), सुख संपति करता॥
ॐ जय अंबे गौरी...

भुजा चार अति शोभित, वरमुद्रा धारी। (मैया वरमुद्रा धारी)
मनवांछित फल पावत (2), सेवत नर नारी॥
ॐ जय अंबे गौरी...

कंचन थाल विराजत, अगर कपूर बाती। (मैया अगर कपूर बाती)
श्रीमालकेतु में राजत (2), कोटि रतन ज्योती॥
ॐ जय अंबे गौरी...

श्री अंबेजी की आरति, जो कोइ नर गावे। (मैया जो कोइ नर गावे)
कहत शिवानंद स्वामी (2), सुख-संपति पावे॥
ॐ जय अंबे गौरी...

जय अंबे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
तुमको निशदिन ध्यावत (2), हरि ब्रह्मा शिवरी॥
ॐ जय अंबे गौरी...

❊ महिषासुरमर्दिनी-स्तोत्रम् ❊

अयि गिरिनन्दिनि नन्दितमेदिनि विश्वविनोदिनि नन्दनुते
गिरिवरविंध्यशिरोधिनिवासिनि विष्णुविलासिनि जिष्णुनुते।
भगवति हे शितिकण्ठकुटुम्बिनि भूरिकुटुम्बिनि भूरिकृते
जय जय हे महिषासुरमर्दिनि रम्यकपर्दिनि शैलसुते॥1॥

